Synergy

BSES YAMUNA   सितम्बर - अक्टूबर, 2005   BSES RAJDHANI

नई नियुक्तियां

श्री जयराम पी चलासानी

श्री जयराम पी चलासानी

निदेशक व सदस्य, बीएसईएस एग्जिक्यूटिव कमेटी

रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज नागपुर से शिक्षा प्राप्त श्री जे पी चलासानी (47) ऊर्जा क्षेत्र से पिछले 25 वर्षों से जुड़े हुए हैं. उन्होंने नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन एवं रिलायन्स में कई उच्च पदों पर कार्य किया है.

बीएसईएस के लिए उपभोक्ता ही बादशाह है

अस्तित्व में आने के बाद से ही बीएसईएस इस कथन में विश्वास रखती है कि उपभोक्ता ही बादशाह है. कई साल से बीएसईएस का प्रयास रहा है कि नए संसाधनों और विचारों की खोज की जाए, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं व शिकायतों का समाधान, उनके दर्ज होने से पहले ही हो जाए. इस काम के लिए बीएसईएस ने सूचना तकनीक (आईटी) की सहायता ली है. आज की तारीख में कंपनी शत- प्रतिशत प्रॉसेस ड्रिवन है.

बीएसईएस की इस सफलता को उस समय एक नई पहचान मिली, जब उसे नेटवर्क इनोवेशन अवॉर्ड मिला. ऑरैकल, डीटूके, बिलिंग, सैप, लोटस नोट्स, एएमआर और स्काडा तकनीक आदि के सहारे बीएसईएस उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने का प्रयास कर रही है . बीएसईएस के करीब 75 कार्यालय फाइबर ऑप्टिक केबल्स से जुड़े हुए हैं. साथ ही 130 वीएसएटी लोकेशनों पर 250 आईएसडीएन कनेक्शन भी हैं. हाई टेक डेटा सेंटर चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करता है और यहां 21 सर्वर हैं. यह सब आपके सहयोग से ही संभव हो सका है. धन्यवाद!



नई नियुक्तियां

श्री ललित जालान

श्री ललित जालान

निदेशक व सदस्य, बीएसईएस एग्जिक्यूटिव कमेटी

आईआईटी कानपुर एवं वॉर्टन स्कूल ऑफ़ यूएसए से शिक्षित श्री ललित जालान (48) रिलायन्स में पिछले 10 वर्षों से कार्यरत हैं. मुम्बई की बिजली वितरण का जिम्मा संभालने से पहले वह पेट्रोकैमिकल व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी रह चुके हैं.

आपकी बेहतर सेवा के लिए हाल के कुछ कदम
मौके पर ही समस्याओं का समाधान

अब आप बिना किसी से समय लिए, अपने इलाके के डिविज़न ऑफिस में पहुंचकर मौके पर ही अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं.

कामकाज वाले सभी शनिवार के दिन को 'उपभोक्ता दिवस' घोषित किया गया है. आप अपने डिविज़न कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बिल, मीटर और नये कनेक्शन से संबंधित अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं. ऊपर बताए गए समय के दौरान व्यवसाय प्रबंधक और व्यावसायिक अधिकारी आदि हमारे सभी 33 डिविज़न कार्यालयों पर मौजूद रहेंगे.

हमारे उपभोक्ता संपर्क अधिकारी आपकी मदद के लिए मौजूद रहेंगे.

39999 555 डायल कर
शिकायतें व अनुरोध दर्ज कराएं

10 केवी से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं के लिए एक खुशखबरी है. अपनी समस्याओं और अनुरोधों को दर्ज कराने के लिए आपको बस फोन नंबर 39999 555 डायल करना होगा. यह नंबर खासतौर पर इसी काम के लिए है.

बीएसईएस ने एक इंटरेक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स सिस्टम (आईवीआरएस) लॉन्च किया है. उपभोक्ताओं की समस्याएं व अनुरोध जानने के लिए विकसित देशों में इस तकनीक का सहारा लिया जाता है.

बीएसईएस देश की पहली ऐसी बिजली कंपनी है, जिसने उपभोक्ताओं को यह अनोखी सेवी दी है. इस नंबर पर आप इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं: बिल की डिटेल, जुलाई 2002 के बाद से बिल और उसकी पेमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी, नये कनेक्शन व लोड में बढ़ोतरी के लिए आवेदन, मीटर से संबंधित जानकारियां व अन्य.

इस सुविधा के लिए आठ लाइनें काम कर रही हैं और यह अंग्रेजी, हिन्दी, पंजाबी और उर्दू में भी उपलब्ध है.

बीएसईएस की खबरें

नेहरू प्लेस के नए ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन



नेहरू प्लेस के हमारे सभी उपभोक्ता अब ईस्ट ऑफ कैलाश में बने हमारे नए डिविज़न ऑफ़िस में जा सकते हैं. हाल ही में इसका उद्घाटन किया गया है और यह पूरी तरह से एयर कंडीशंड है. पूर्व हॉकी खिलाड़ी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री असलम शेर खान ने बीएसईएस के नए ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया. यह 61 लाख रुपये की लागत से बना है.

नए ऑफ़िस से लाजपत नगर 4, नेहरू प्लेस, पंपोश कॉलोनी, कृषि विहार, ईस्ट ऑफ़ कैलाश, संत नगर, जमरूदपुर, हेमकुंठ कॉलोनी आदि में रहने वाले बीएसईएस के 54,000 उपभोक्ताओं को फायदा होगा.

ऊर्जा मंत्री ने किया शास्त्री पार्क ग्रिड सब-स्टेशन का उद्घाटन : शाहदरा मेट्रो रेलवे स्टेशन के निकट शास्त्री पार्क में नए 66/33/11 केवी ग्रिड सब-स्टेशन का दिल्ली के ऊर्जा मंत्री श्री हारुन युसुफ ने उद्घाटन किया. 17 अगस्त को हुए इस उद्घाटन के दौरान बीएसईएस अधिकारियों के अलावा विधायक चौधरी मतीन अहमद व श्री भीष्म शर्मा, पार्षद सुश्री रजिया सुल्ताना, श्री जमीर अहमद मुन्ना व श्री श्रीश तिवारी और रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे.

वेबसाइट लॉन्च : अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.bsesdelhi.com** देखें.

बीएसईएस हेल्पलाइन नंबर्स

पावर सप्लाई : 5289 5555 & 5289 5556	मीटर : 39999 733
बिलिंग : 39999 707	एंटी–करप्शन : 39999 777